(Information Resource Centre)

Publication : **Sanmarg**

Edition : **Kolkata**

Date : **26-June-08** **Page no.** : **4**

कोरुगेटेड बॉक्स निर्माता करेंगे 3 दिनों की हड़ताल

कोलकाता : टीवी, रेफ्रिजरेटर या एफएमसीजी उत्पादों की पैकेजिंग में इस्तेमाल किये जाने वाले कोरुगेटेड बॉक्स (कार्टून बॉक्स) तैयार करने वाले निर्माताओं ने आगामी 29 जून से 1 जुलाई तक हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। ईस्टर्न इंडिया कोरुगेटेड बॉक्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेपर मिल मालिकों ने क्राफ्ट पेपर की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ा दी हैं जिसके कारण कोरुगेटेड बॉक्स निर्माण उद्योग संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को ज्ञापन सौंपे गये ताकि इस उद्योग में कच्चे माल अर्थात क्राफ्ट पेपर समेत अन्य चीजों की कीमतों पर अंकुश लगाने के साथ ही आयात शुल्क में कमी और एक्साइज ड्यूटी में एकरूपता बरती जाय लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर 3 दिनों के लिए सांकेतिक हड़ताल की जा रही है लेकिन स्थिति नहीं सुधरने पर बेमियादी हड़ताल का भी फैसला किया जा सकता है।